ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020) 26126816, 261283436 रेलवे : 62731
छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579 रेलवे : 62101, 62158
फॅक्स : 020-26128677 रेलवे : 55860
ई–मेल : mail@iricen.gov.in
वेबसाईट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 23 | अंक : 88 | जनवरी–मार्च 2019

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन | To Beam as a Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. राष्ट्रपति भवन में भा.रे. इंजी. सेवा के परिवीक्षार्थी
2. संस्थान में गणतंत्र दिवस का आयोजन
3. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला
4. ईपीसी एवं पीपीपी पर कार्यशाला
5. मुख्य इंजीनियर (कार्य) / मु.प्ला.एवं डि. इंजी. का सेमिनार
6. आईपीडब्ल्यूई (आई) तकनीकी सेमिनार
7. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 141वीं एवं 142वीं संयुक्त बैठक
8. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
9. स्वागत/विदाई
10. अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति
11. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ठ अधिकारी



1. राष्ट्रपति भवन में भा.रे. इंजी. सेवा के परिवीक्षार्थी

भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 2016 बैच के परिवीक्षार्थियों ने महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से दिनांक 16 फरवरी, 2019 को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान के लिए यह एक अविस्मरणीय दिन था जब देश के सर्वोच्च पदासीन महामहिम राष्ट्रपति ने इंजीनियरिंग के अधिकारियों को उनके फील्ड में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी कार्यक्षमताओं को और अधिक विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

महामहिम राष्ट्रपति के पास अन्य विभागों के परिवीक्षार्थियों सहित संस्थान से कुल 48 परिवीक्षार्थियों का दल मुलाकात करने गया था जिनमें 01 महिला परिवीक्षार्थी भी थीं। भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षार्थियों के दल का नेतृत्व माननीय श्री एस. एन. अग्रवाल, सदस्य कार्मिक कर रहे थे।

इस अवसर पर श्री वी. के. यादव, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री एस. एन. अग्रवाल, सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड, श्री प्रदीप कुमार, महानिदेशक / NAIR, श्रीमती अलका अरोरा मिश्रा, कार्यकारी निदेशक (प्रशिक्षण), श्री अजय गोयल, निदेशक, इरिसेन एवं श्री विनीत गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक, पुल–1 इरिसेन भी राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे।

इस बार IRSEE, IRSS, IRPF विभाग के परिवीक्षार्थियों ने भी राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति जी से मुलाकात की। राष्ट्रपति महोदय ने परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया और उन्हें अपना लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी। आपने सभी परिवीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

संरक्षक
अजय गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
शरद कुमार अग्रवाल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
प्राध्यापक, पुल

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग – उदय ताजणे, व.अनुवादक

सदस्य (कार्मिक), रेलवे बोर्ड ने महामहिम राष्ट्रपति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और अपना बहुमूल्य समय देकर इन युवा अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका आभार माना। महामहिम राष्ट्रपति के इस मुलाकात से परिवीक्षार्थियों में काम के प्रति निष्ठा एवं सामुदायिक उद्देश्यों की पूर्ति को बढ़ावा मिलता है।

2. संस्थान में गणतंत्र दिवस का आयोजन



संस्थान में दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। श्री अजय गोयल, निदेशक/इरिसेन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत निदेशक महोदय ने उपस्थित सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। तदुपंरात IPWE(I) के सफल आयोजन हेतु संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकद पुरस्कार वितरण निदेशक महोदय द्वारा किया गया। उसके पश्चात खेल प्रतिस्पर्धा का कार्यक्रम रखा गया। खेलकूद के कार्यक्रम में रस्साकसी, लेमन स्पून, बच्चों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन हुआ। सभी कार्यक्रमों में निदेशक महोदय, संकाय सदस्य गण, प्रशिक्षु अधिकारी गण, परिवीक्षार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



3. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला

दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2019 को राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला का आयोजन किया गया। रेल के सभी विभाग के अधिकारियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के डिलीवरी में तेजी लाने हेतु रेल मंत्री ने निश्चय किया है कि इनमें से कुछ प्रोजेक्ट राज्य के संयुक्त उद्योजकों के गठन के माध्यम से निष्पादित किए जाएं।

इस कार्यशाला में अपर सदस्य/कार्य श्री एम. के. गुप्ता एवं



निदेशक/इरिसेन श्री अजय गोयल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। श्री राजेश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक/ MTP/ रेलवे बोर्ड ने स्टेट JV का अपडेट प्रस्तुत किया।

कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए :– ''गुजरात RIDE: अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'', द्वारा श्री संतोष कुमार, निदेशक (पी एंड पी) GRIDE, ''केरला RDCL: अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'', द्वारा श्री अजित कुमार, प्रबंध निदेशक/KRDCL, ''हरियाणा RIDC : अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'', द्वारा श्री दिनेश देशवाल, प्रबंध निदेशक/HRIDC, ''छत्तीसगढ़ RCL : अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'' द्वारा श्री संजय रस्तोगी, MD/CRCL, ''झारखंड RIDC: अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'' द्वारा श्री अरबिंद कुमार सिंह, निदेशक /JRIDC, ''महाराष्ट्र RIDL : अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'' द्वारा श्री राजेश कुमार, MD/MRIDL, ''ओडिसा RIDL: अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'' द्वारा श्री एस. पी. सम्नतरे, MD/ ORIDL, "कर्नाटक RIDL: अपडेट एंड वे फॉरवर्ड'' द्वारा निदेशक/K-RIDE, ''मॉडल कन्सेशन एग्रीमेंट'' द्वारा श्री राजेश अग्रवाल, MD/MTP/RB एवं श्री संजय रस्तोगी, MD/CRCL, इत्यादि।

4. ईपीसी एवं पीपीपी पर कार्यशाला



इरिसेन, पुणे में दिनांक 15 एवं 16 जनवरी 2019 को ईपीसी एवं पीपीपी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 70 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस सेमिनार में श्री एम. के. गुप्ता, अपर सदस्य/कार्य/ रेलवे बोर्ड एवं निदेशक/इरिसेन श्री अजय गोयल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए :– ''ओव्हरव्यू ऑफ वर्क्स एंड नीड ऑफ ईपीसी'', द्वारा श्री एम. के. गुप्ता, अपर सदस्य/कार्य/ रेलवे बोर्ड. ''ओव्हरव्यू ऑफ इंस्ट्रक्शन इश्यूड बाय रेलवे बोर्ड'', द्वारा श्री पी. एस. गुप्ता का. निदेशक सि. इंजी./ रेलवे बोर्ड, ''स्टैन्डर्ड ईपीसी डाक्यूमेंट'' द्वारा श्री अचल खरे, प्रबंध निदेशक/NHSRCL, ''कंस्ट्रक्शन मेनेजमेंट केस ऑफ दिल्ली मेट्रो'' द्वारा श्री ए. के. गुप्ता, निदेशक/IPRCL, ''पीपीपी कॉन्टैक्ट मेनेजमेंट'' द्वारा श्री शैलेश पाठक, प्रबंध निदेशक/CEO, LT IDPL, ''ऑरगनाईजेशन कल्चर फॉर ईपीसी'' द्वारा श्री राजेश अग्रवाल, का. निदेशक / MTP/RB, ''पैनल डिस्कर्शन : इश्यू एंड डिफिकल्टीस इन इम्पलिमेंटिंग ईपीसी'' द्वारा अपर सद. कार्य, निदेशक/ इरिसेन, मु.प्र.अ. (नि.) एवं का. निदेशक रेलवे बोर्ड इत्यादि । विभिन्न प्रस्तावित कार्यसूची मदों पर विस्तार से चर्चा की गई।

5. मुख्य इंजीनियर (कार्य)/मु.प्ला.एवं डि.इंजी.का सेमिनार

इरिसेन में दिनांक 07 एवं 08 मार्च, 2019 को मुख्य इंजीनियर/ कार्य का सेमिनार आयोजित किया गया। श्री अजय गोयल, निदेशक इरिसेन एवं श्री पी.एस. गुप्ता, का. निदे. सि. इंजी./रेलवे बोर्ड ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया। इस सेमिनार में रेलवे बोर्ड,आरडीएसओ एवं झोनल रेलवे से 13 वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी एवं 5 कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी/चयन श्रेणी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



सेमिनार में वरिष्ठ प्राध्यापक / श्री संजय खरे, ने पिछले सेमिनार की टिप्पणियों को प्रस्तुत किया। क्रिस / रेलवे बोर्ड द्वारा IRPSM एवं एजेंडा से संबंधित मदों पर प्रस्तुतीकरण दिए। रेल सेमिनार के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए। ''पॉसिबिलिटिस विथ न्यू ऐज कंक्रीट'', द्वारा श्री प्रसाद सिवकेरी, ''पार्टनर कंक्रीट सोल्यूशन'', पुणे, ''UHPC – ए बून फॉर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर'', द्वारा श्री राघवेन्द्र डी.एस., प्रबंधक (R&D), असोसिएट्स, ''वायरलेस ऑटोमेशन फॉर वाटर मेनेजमेंट / वाटर ऑडिट'', द्वारा श्री डी. एच. कुलकर्णी, तकनीकी निदेशक, क्रिस्टल विजन, पुणे इत्यादि। इस सेमिनार में कुछ मदों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

6. आईपीडब्ल्यूई (आई) तकनीकी सेमिनार



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 22 एवं 23 फरवरी, 2019 को हैदराबाद में ''चैलेन्जेस इन इन्ट्रोड्युसिंग स्पीड ऑफ 160 Kmph फॉर पैसेंजर ट्रैन एंड 100 Kmph फॉर हाई एक्सेल लोड़ फ्रेट ट्रैन ऑन IR" एवं ''इनोवेशन एंड टेक्नॉलॉजी फॉर फास्ट पेस्ड कंस्ट्रक्शन'' पर आयोजित आईपीडब्ल्यूई (आई) सेमिनार में इरिसेन ने सक्रियता से हिस्सा लिया।

तकनीकी प्रदर्शनी में संस्थान द्वारा प्रकाशित विभिन्न तकनीकी पुस्तकें, फिल्में एवं ई–लर्निंग सीडी को दिखाने के लिए इरिसेन का स्टॉल लगाया गया था। सेमिनार में श्री अजय गोयल, निदेशक / इरिसेन ने इस अवसर पर अपना संबोधन दिया इसके अतिरिक्त इरिसेन के संकाय सदस्य, श्री अनिल चौधरी, व.प्राध्यापक द्वारा ''डायनामिक ट्रैक स्टेबिलाइजर – एन इंन्डिस्पेन्सिबल मेन्टेनेन्स मशीन फॉर हाई–स्पीड रूट्स'', श्री राजेश कुमार शेखावत, व.प्राध्यापक प्रोजेक्ट द्वारा ''फटिग क्राइटेरिया बेस्ड स्ट्रैस एनालिसेस फॉर रेल, ए मस्ट फॉर हाई–स्पीड एंड हैवी फ्रेट ट्रैफिक'' श्री शरद कुमार अग्रवाल, प्राध्यापक, पुल द्वारा ''इक्वेलेंट ट्रैक ट्विस्ट डयू टू ब्रेकेज ऑफ प्रायमरी सस्पेन्शन स्प्रिंग ऑफ ICF बोगी'' पर पेपर भी प्रस्तुत किए गए।

7. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 141वीं एवं 142वीं संयुक्त बैठक

दिनांक 26 फरवरी, 2019 को संस्थान के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 141वीं एवं 142वीं बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष श्री अजय गोयल, निदेशक / इरिसेन, पुणे ने बैठक की अध्यक्षता की।

निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया । आपने रेल मंत्रालय, रेलव बोर्ड द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान के लिए पुरस्कृत अधिकारी एवं कर्मचारी गण सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। आपने कहा कि हम अपने लक्ष्य के काफी करीब है और कंप्यूटर के माध्यम से हिंदी के दैनिक कार्य में उपयोग एवं तकनीक का उपयोग कर इस अंतर को कम किया जा सकता है तथा हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। साथ ही आपने LWR एवं IRPWM मैनुअल की छपाई एवं प्रूफ रीडिंग का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

श्री शरद कुमार अग्रवाल, प्रा.पुल एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में बैठक की उपाध्यक्षता की। आपने कहा कि राजभाषा में कार्य करते समय कठिन शब्दों का प्रयोग न करें। धारा 3(3) के अंतर्गत आनेवाले पत्र सभी द्विभाषी बनाए जाते हैं। व्यक्तिगत नकद पुरस्कार के अंतर्गत संस्थान से पुरस्कृत श्री प्रदीप तावड़े, वरिष्ठ तकनीशियन को बधाई दी एवं राजभाषा की प्रगति में जहां कहीं भी संभावनाएं बनती हो वहां आप सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

8. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पाठ्यक्रम सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	19509	मिलीटरी इंजीनियरिंग सर्विसेस परिवीक्षार्थियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम (इरिसेन)	01.04.19	06.04.19
2	19816	रेलपथ अनुरक्षण की बुनियाद (एसएसटीडब्ल्यू)	01.04.19	12.04.19
3	19304	मुख्य इंजीनियर / टीएमसी सेमिनार	04.04.19	05.04.19
4	19321	उप मुख्य इंजीनियर / BL के लिए कार्यशाला	08.04.19	09.04.19
5	19410	भू–तकनीकी जांच एवं सर्वे (इरिसेन पाठ्यक्रम)	08.04.19	18.04.19
6	19503	पी.एस.यू. के लिए विशेष पाठ्यक्रम (इरिसेन में)	08.04.19	12.04.19
7	19510	मिलीटरी इंजीनियरिंग सर्विसेस के परिवीक्षार्थियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम (इरिसेन)	08.04.19	13.04.19
8	19324	भारतीय रेल विरासत पर कार्यशाला	11.04.19	12.04.19
9	19203	वरिष्ठ व्यावसायिक (रेलपथ)	15.04.19	10.05.19
10	19411	मैकेनाइज्ड अनुरक्षण सहित उन्नत रेलपथ अनुरक्षण (इरिसेन मे)	15.04.19	26.04.19
11	19818	मैकेनाइज्ड अनुरक्षण सहित उन्नत रेलपथ अनुरक्षण (एसएसटीडब्ल्यू पाठ्यक्रम)	15.04.19	26.04.19

12	19819	स्टील और कंक्रीट पुलों का निर्माण और अनुरक्षण	15.04.19	26.04.19
13	19907	पीएसयू डीएफसीसीआईएल टीसीबी 1 (एसएसटीडब्ल्यू में)	15.04.19	10.05.19
14	19504	पीएसयू पाठ्यक्रम (इरिसेन में)	22.04.19	26.04.19
15	19305	राज्य संयुक्त उद्यम (स्टेट JV) पर सेमिनार	29.04.19	30.04.19
16	19412	अवपथन जांच तथा उन्नत रेलपथ प्रौद्योगिकी (इरिसेन पाठ्यक्रम)	29.04.19	10.05.19
17	19820	रेल पहिया परिचय (आरडब्ल्यूआई)	29.04.19	10.05.19
18	19821	भू-तकनीकी (एसएसटीडब्ल्यू पाठ्यक्रम)	29.04.19	04.05.19
19	19908	पीएसयू डीएफसीसीआईएल टीसीबी 2(एसएसटीडब्ल्यू में)	13.05.19	07.06.19

9. स्वागत / विदाई



श्री आर. एन. गुप्ता, प्राध्यापक/रेलपथ मशीन ने दिनांक 08 फरवरी, 2019 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप पुणे मंडल में उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण के पद पर कार्यरत थे। श्री गुप्ता, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं। आपने कार्यकारी इंजी.(मुख्या.), व. मंडल इंजी. मुंबई, उप मुख्य इंजी. (प्लानिंग), व. मंडल इंजी. नागपुर, उप मुख्य इंजी. भुसावल एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ (समन्वय) पुणे इत्यादि पदों पर कार्य किया है। आपने रेल सेवा में कैरियर की शुरूआत सहायक मंडल इंजीनियर, मध्य रेलवे, पुणे डिवीजन से की। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री नीरज मिश्रा, प्राध्यापक - ट्रैक** की पदोन्नति इरिसेन में ही कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में हुई है। आपने दिनांक 23 फरवरी, 2019 को कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में पदभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।



कुमारी अपूर्वा सप्तर्षि, वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने स्थानांतरण पर दिनांक 27 दिसंबर 2018 को इरिसेन में एसएसटीडब्ल्यू में वरिष्ठ तकनीकी सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप जबलपुर मंडल में डायटीशियन/सेन्ट्रल अस्पताल/जबलपुर में कार्यरत थीं। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



श्रीमती वैशाली पटेरिया, सी.से.इंजी. कार्य ने दिनांक 18 फरवरी, 2019 को इरिसेन में वरिष्ठ अनुदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप मुंबई मंडल में सी.से. इंजी.कार्य, म.रे. के पद पर कार्यरत थीं। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री गौतम श्रीपति हरिभक्त, छात्रावास अधीक्षक** की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 जनवरी, 2019 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देता है।

10 अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति :



संस्थान में कार्यरत दिवंगत श्रीमती अरुणाभा ठाकुर, वरिष्ठ अनुवादक के निधन के पश्चात उनकी पुत्री **कु. कौशिकी ठाकुर** की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर अवर लिपिक के रूप में की गई है। कु. कौशिकी ठाकुर ने दिनांक 11 अप्रैल, 2019 को रेल सेवा ज्वाइन कर ली है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान में कार्यरत दिवंगत श्री गौतम शिरसाट, तकनीशियन II के निधन के पश्चात उनकी पुत्री **कु. सुप्रिया शिरसाट** की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर के तकनीशियन III रूप में की गई है। कु. सुप्रिया शिरसाट ने दिनांक 16 अप्रैल, 2019 को रेल सेवा ज्वाइन कर ली है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।

11. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र सं. 18103 - समेकित पाठ्यक्रम

प्रथम



अबदस समद
सहा.मंडल इंजी./ मुजफ्फरपुर/ पूर्व मध्य रेल

द्वितीय



भावेश कुमार भारद्वाज
सहा.कार्य.इंजी./ इलाहाबाद/उ.म.रेल

तृतीय



संजय पुनिया
सहा.इंजी. ब्रिज/ जोधपुर/उ. प. रेल

शरद कुमार अग्रवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, पुल, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे- 1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित

गते शोको न कर्तव्यो भविष्यं नैव चिन्तयेत । वर्तमानेन कालेन वर्तयन्ति विचक्षणाः।। भावार्थ : बीते हुए समय का शोक नहीं करना चाहिए और भविष्य के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, बुद्धिमान तो वर्तमान में ही कार्य करते हैं ।